an>

Title: Need to provide better residential and other facilities to the IIIrd and IV th class Railway employees

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदया, हम भारतीय रेल की बात देश की प्रगति के लिए करते हैं कि यह देश की प्रगति में सबसे कामयाब है। भारतीय रेल बजट जिस प्रकार से पेश किया गया, एक चीज सामने आयी कि हम नई ट्रेनों की ओर नहीं, बल्कि डेवलपमेंट की ओर ले जाना चाहते हैं। मैं सदन के समक्ष रखना चाहूंगा कि रेलवे को आगे ले जाने में सबसे बड़ा योगदान किसी का है तो थर्ड और फोर्थ क्लास कर्मचारियों का है।

माननीय अध्यक्ष : आप इस बात को रेल बजट डिसक्शन में बोलिए। रेल बजट पर अभी डिसक्शन होना है।

श्री दुष्यंत चौटाला : हिसार में 115 साल पुराना रेलवे स्टेशन है। मुझे वहां के कर्मचारियों के पास पिछले दिनों जाने का मौका भी मिला था, जहां मैंने हालात देखे कि वहां पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है, सीवरेज की व्यवस्था नहीं है, मेडिकल फेसिलिटिज़ नहीं हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करता हूं कि जिस तरह से सरकार रेलवे का प्रगति की ओर लेकर जा रहे हैं, थर्ड और फोर्थ क्लास के रेलवे के इम्पलोइज़ की अकमॅडेशन पर भी ध्यान रखें और उनके इनफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान देने का काम करें।